# भारतीय स्टेट बैंक

केंद्रीय भर्ती एवं पदोन्नति विभाग,कॉर्पोरेट केंद्र, मुंबई

फोन: 022-2282 0427, ईमेल: crpd@sbi.co.in





## ईज़ 7.0 प्रशस्ति समारोह में एसबीआई को ''सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले बैंक'' श्रेणी में समग्र विजेता के रूप में सम्मानित किया गया



# नियमित आधार पर विशेषज्ञ संवर्ग के अधिकारियों की भर्ती

## (विज्ञापन सं. CRPD/SCO/2025-26/14)

## आवेदन का ऑनलाइन पंजीकरण और शुल्क का भुगतान: दिनांक 08.10.2025 से 28.10.2025 तक

**भारतीय स्टेट बैंक नियमित आधार पर विशेषज्ञ संवर्ग के निम्नलिखित पद पर नियुक्ति के लिए पात्र भारतीय नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है. उम्मीदवारों से अनुरोध है कि बैंक की वेबसाइट https://sbi.bank.in/web/careers/current-openings में दिए गए लिंक के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करें.**

1. पंजीकरण प्रक्रिया तभी पूरी होगी जब शुल्क के भुगतान की अंतिम तिथि/ऑनलाइन पंजीकरण की अंतिम तिथि तक या उससे पहले बैंक में ऑनलाइन माध्यम से शुल्क जमा कर दिया जाए.
2. उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे आवेदन करने से पहले, यह सुनिश्चित करें कि वे पात्रता की तिथि पर उक्त पद के लिए दिए गए योग्यता मानदंडों को पूरा करते हैं.
3. **उम्मीदवारों को सभी आवश्यक दस्तावेज़ (बॉयोडाटा, पहचान का प्रमाण, आयु प्रमाण, पीडब्ल्यूबीडी प्रमाणपत्र (यदि लागू हो), शैक्षणिक योग्यता, प्रमाणपत्र, अनुभव, बॉयोडाटा आदि) अपलोड करने की आवश्यकता है. ऐसा न करने पर उनके आवेदन/उम्मीदवारी पर शॉर्टलिस्टिंग/साक्षात्कार के लिए विचार नहीं किया जाएगा.**
4. शॉर्टलिस्टिंग की प्रक्रिया अनंतिम होगी और इसमें दस्तावेजों का सत्यापन नहीं होगा. उम्मीदवारी, उम्मीदवार के साक्षात्कार (यदि बुलाया जाता है) के लिए रिपोर्ट करने पर सभी विवरणों/दस्तावेजों का मूल प्रति के साथ सत्यापन के अधीन होगी.
5. यदि उम्मीदवार को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाता है और यदि वह पात्रता मानदंडों (आयु, शैक्षणिक योग्यता और अनुभव आदि) को पूरा नहीं करता/करती है तो उसे न तो साक्षात्कार में उपस्थित होने दिया जाएगा और न ही वह यात्रा व्यय की प्रतिपूर्ति के लिए पात्र होंगे.
6. उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि वे बैंक की वेबसाइट **https://sbi.bank.in/web/careers/current-openings** को विवरणों एवं नई जानकारी (शॉर्टलिस्ट किए गए/चयनित उम्मीदवारों की सूची सहित) हेतु देखें. कॉल लेटर (लेटर/ सूचना), जहां आवश्यक हो, केवल ईमेल द्वारा भेजा जाएगा. **(कागजी प्रति नहीं भेजी जाएगी).**
7. **सभी संशोधन/शुद्धि पत्र (यदि कोई है) केवल बैंक की वेबसाइट पर अपलोड किए जाएंगे.**
8. यदि अंतिम मेरिट लिस्ट (कट-ऑफ अंक पर समान अंक) में एक से अधिक उम्मीदवारों के कट-ऑफ अंकों के रूप में एकसमान अंक आते हैं, तो ऐसे उम्मीदवारों को मेरिट में उनकी आयु के अनुसार अवरोही क्रम में स्थान दिया जाएगा.
9. **इस कार्यालय को आवेदन एवं अन्य दस्तावेज़ों की कागजी प्रतियाँ न भेजें.**
10. **यदि उम्मीदवार पद(पदों) के लिए सभी पात्रता मानदंडों को पूरा करते हैं, तो वे एक से अधिक पदों के लिए आवेदन कर सकते हैं.**
11. **शिक्षण एवं प्रशिक्षण अनुभव को पात्रता में नहीं गिना जाएगा.**

### I) पद/रिक्तियाँ/आयु मानदंड/पारिश्रमिक/तैनाती का स्थान/नियुक्ति की प्रकृति/चयन प्रक्रिया का विवरण:

**(क) पद का नाम: सहायक महाप्रबंधक (उत्पाद एवं अनुसंधान - विदेशी मुद्रा एवं रुपया डेरिवेटिव)**

| श्रेणी-वार रिक्तियाँ | | | | अंतिम तिथि: आयु वर्षों में (01.10.2025 तक) | पदस्थापना का संभावित स्थान# | चयन प्रक्रिया |
|---|---|---|---|---|---|---|
| रिक्तियाँ का प्रकार | श्रेणी | यूआर (अनारक्षित) | कुल | | | |
| नियमित | एमएमजीएस-V | 01 | 01 | न्यूनतम - 35 वर्ष और अधिकतम - 45 वर्ष | मुंबई | शॉर्टलिस्टिंग और साक्षात्कार |

**(ख) पद का नाम: प्रबंधक (उत्पाद एवं अनुसंधान - विदेशी मुद्रा एवं रुपया डेरिवेटिव)**

| श्रेणी-वार रिक्तियाँ | | | | | अंतिम तिथि: आयु वर्षों में (01.10.2025 तक) | पदस्थापना का संभावित स्थान# | चयन प्रक्रिया |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| रिक्तियाँ का प्रकार | श्रेणी | यूआर (अनारक्षित) | कुल | $ पीडब्ल्यूबीडी - VI (LV) (दृष्टिबाधित-कम दृष्टि) | | | |
| नियमित | एमएमजीएस-III | 02 | 02 | 01 | न्यूनतम -24 वर्ष और अधिकतम - 36 वर्ष | मुंबई | शॉर्टलिस्टिंग और साक्षात्कार |

**(ग) पद का नाम: प्रबंधक (अनुसंधान विश्लेषक)**

| श्रेणी-वार रिक्तियाँ | | | | | | अंतिम तिथि: आयु वर्षों में (01.10.2025 तक) | पदस्थापना का संभावित स्थान# | चयन प्रक्रिया |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| रिक्तियाँ का प्रकार | श्रेणी | अ.पि.व. | यूआर (अनारक्षित) | कुल | $ पीडब्ल्यूबीडी - VI (LV) (दृष्टिबाधित-कम दृष्टि) | | | |
| नियमित | एमएमजीएस-III | 01 | 03 | 04 | 01 | न्यूनतम -24 वर्ष और अधिकतम - 36 वर्ष | मुंबई | शॉर्टलिस्टिंग और साक्षात्कार |

**संक्षेपाक्षर: अ.पि.व.-** अन्य पिछड़ा वर्ग; **यूआर-** अनारक्षित श्रेणी; **पीडब्ल्यूबीडी -** निर्धारित दिव्यांगता वाले उम्मीदवार; **वीआई -** दृष्टि बाधित; **एलवी** - कम दृष्टि

**#** तैनाती (पोस्टिंग) का सुझाया गया स्थान सांकेतिक है, बैंक भारत में भारतीय स्टेट बैंक के किसी भी कार्यालय में सेवा के लिए तैनात करने या स्थानांतरित करने या अपने किसी सहयोगी/सहायक संस्था या किसी अन्य संस्था को सेवा की आवश्यकता के आधार पर प्रतिनियुक्त करने का अधिकार सुरक्षित रखता है.

इंगित अधिकतम आयु अनारक्षित श्रेणी के उम्मीदवारों के लिए है. आरक्षित श्रेणी के उम्मीदवारों को भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार **ऊपरी आयु सीमा में छूट** उपलब्ध है (जहां लागू हो).

**$-** पीडब्ल्यूबीडी रिक्तियां क्षैतिज हैं और मूल श्रेणी के अंतर्गत शामिल हैं.

कम दृष्टि (एलवी): i. दृष्टि सुधार के बाद बेहतर आँख में दृष्टि तीक्ष्णता 6/18 से अधिक न हो या 20/60 से 3/60 अथवा 10/200 (स्नेलेन) से कम न हो. ii. दृष्टि के क्षेत्र की सीमा विरुद्ध दिशा में 40 से 10 डिग्री के कम के कोण बनाती हो.

### II) शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, कौशल, कार्य की संक्षिप्त रूपरेखा और मुख्य दायित्व क्षेत्र के विवरण:

**पद का नाम: सहायक महाप्रबंधक (उत्पाद एवं अनुसंधान - विदेशी मुद्रा एवं रुपया डेरिवेटिव)**

| | |
|---|---|
| **बुनियादी योग्यताएँ: (यथा 01.10.2025 तक)** | अनिवार्य:<br>किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से वित्त में एमबीए (वित्त) या पीजीडीबीएम (वित्त) या पीजीडीएम (वित्त) या समकक्ष डिग्री. वित्त के साथ दोहरी विशेषज्ञता को पात्र माना जाएगा. |
| **अन्य योग्यताएँ: (यथा 01.10.2025 तक)** | **अधिमान्य योग्यताएँ:** सीएफए/एफआरएम/सीए/ लागत लेखाकार (सीएमए, पूर्ववर्ती आईसीडब्ल्यूए) |
| **अनुभव (बुनियादी शैक्षिक योग्यताओं के बाद): (यथा 01.10.2025 तक)** | कॉर्पोरेट/गैर-कॉर्पोरेट संगठनों/अनुसंधान फर्मों/ब्रोकरेज फर्मों/बैंकों/एनबीएफसी/म्यूचुअल फंडों में विदेशी मुद्रा और रुपया बाजार के क्षेत्र में न्यूनतम 10 वर्ष का अनुभव. आवेदक को संबंधित अनुभव का प्रमाण प्रस्तुत करना होगा.<br>➢ *शिक्षण एवं प्रशिक्षण अनुभव को पात्रता में नहीं गिना जाएगा.*<br>➢ *उल्लेखित/दावा किया गया अनुभव संबंधित नियोक्ता द्वारा जारी उपयुक्त प्रमाणपत्र/पत्र के साथ होना चाहिए.* |
| **विशिष्ट कौशल (अधिमान्य):** | ➢ अंग्रेजी बोलने और लिखने में दक्ष |

पद का नाम: प्रबंधक (उत्पाद एवं अनुसंधान – विदेशी मुद्रा एवं रुपया डेरिवेटिव)

| | |
|---|---|
| बुनियादी योग्यताएँ: (यथा 01.10.2025 तक) | अनिवार्य: किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से वित्त में एमबीए (वित्त) या पीजीडीबीएम (वित्त) या पीजीडीएम (वित्त) या समकक्ष डिग्री. वित्त के साथ दोहरी विशेषज्ञता को पात्र माना जाएगा. |
| अन्य योग्यताएँ: (यथा 01.10.2025 तक) | अधिमान्य योग्यताएँ: सीएफए/एफआरएम/सीए/ लागत लेखाकार (सीएमए, पूर्ववर्ती आईसीडब्ल्यूए) |
| अनुभव (बुनियादी शैक्षिक योग्यताओं के बाद): (यथा 01.10.2025 तक) | कॉर्पोरेट/गैर–कॉर्पोरेट संगठनों/अनुसंधान फर्मों/ब्रोकरेज फर्मों/बैंकों/एनबीएफसी/म्यूचुअल फंडों में विदेशी मुद्रा और रुपया बाजार के क्षेत्र में योग्यता–पश्चात न्यूनतम 03 वर्ष का अनुभव. आवेदक को संबंधित अनुभव का प्रमाण प्रस्तुत करना होगा.<br>➢ *शिक्षण एवं प्रशिक्षण अनुभव को पात्रता में नहीं गिना जाएगा.*<br>➢ *उल्लेखित/दावा किया गया अनुभव संबंधित नियोक्ता द्वारा जारी उपयुक्त प्रमाणपत्र/पत्र के साथ होना चाहिए.* |
| वांछित विशिष्ट कौशल: | ➢ अंग्रेजी बोलने और लिखने में दक्ष |

कॉर्पोरेट/गैर–कॉर्पोरेट संगठनों/अनुसंधान फर्मों/ब्रोकरेज फर्मों/बैंकों/एनबीएफसी/म्यूचुअल फंडों में इक्विटी अनुसंधान के क्षेत्र में योग्यता–पश्चात न्यूनतम 03 वर्ष का अनुभव.

पद का नाम: प्रबंधक (अनुसंधान विश्लेषक)

| | |
|---|---|
| बुनियादी योग्यताएँ: (यथा 01.10.2025 तक) | अनिवार्य: किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से वित्त में एमबीए (वित्त) या पीजीडीबीएम (वित्त) या पीजीडीएम (वित्त) या समकक्ष डिग्री. वित्त के साथ दोहरी विशेषज्ञता को पात्र माना जाएगा. |
| अन्य योग्यताएँ: (यथा 01.10.2025 तक) | अधिमान्य योग्यताएँ: सीएफए/एफआरएम/सीए/ लागत लेखाकार (सीएमए, पूर्ववर्ती आईसीडब्ल्यूए) |
| अनुभव (बुनियादी शैक्षिक योग्यताओं के बाद): (यथा 01.10.2025 तक) | कॉर्पोरेट/गैर–कॉर्पोरेट संगठनों/अनुसंधान फर्मों/ब्रोकरेज फर्मों/बैंकों/एनबीएफसी/म्यूचुअल फंडों में इक्विटी अनुसंधान के क्षेत्र में योग्यता–पश्चात न्यूनतम 03 वर्ष का अनुभव. आवेदक को संबंधित अनुभव का प्रमाण प्रस्तुत करना होगा.<br>➢ *शिक्षण एवं प्रशिक्षण अनुभव को पात्रता में नहीं गिना जाएगा.*<br>➢ *उल्लेखित/दावा किया गया अनुभव संबंधित नियोक्ता द्वारा जारी उपयुक्त प्रमाणपत्र/पत्र के साथ होना चाहिए.* |
| वांछित विशिष्ट कौशल: | ➢ अंग्रेजी बोलने और लिखने में दक्ष |

**III) कार्य प्रोफ़ाइल का विवरण (भूमिका, उत्तरदायित्व और कार्य का विस्तृत विवरण) और प्रमुख दायित्व क्षेत्र:**

| पद | सहायक महाप्रबंधक (उत्पाद एवं अनुसंधान – विदेशी मुद्रा एवं रुपया डेरिवेटिव) |
|---|---|
| कार्य प्रोफ़ाइल | चयनित उम्मीदवार ग्राहकों के लिए अनुकूलित समाधानों के विकास और वितरण में सहायता प्रदान करेगा. उन्हें यह भी सुनिश्चित करना होगा कि उत्पाद पेशकशें बदलती बाज़ार गतिशीलता और विनियामक अपेक्षाओं के अनुरूप बनी रहें.<br>प्राथमिक कार्यों में शामिल होंगे:<br>• प्रचलित बाज़ार के अनुरूप नए डेरिवेटिव उत्पादों का विकास करने के बाद अनुसंधान करना.<br>• उत्पाद के प्रदर्शन का निरंतर आधार पर  मूल्यांकन करना.<br>• ग्राहकों को डेरिवेटिव उत्पादों के विपणन में सहायता प्रदान करना.<br>• शीर्ष प्रबंधन को समय–समय पर अद्यतन जानकारी प्रदान करना. |
| पद के लिए प्रमुख दायित्व क्षेत्र (केआरए) | ➢ उत्पाद अवधारणा और नए डेरिवेटिव लिखतों के विकास का नेतृत्व करना.<br>➢ उत्पाद की उपयुक्तता का समर्थन करने के लिए उन्नत समष्टि आर्थिक और ब्याज दर अनुसंधान करना.<br>➢ अनुमोदन समितियों के लिए उत्पाद नोट, जोखिम प्रकटन और दस्तावेज़ तैयार करना.<br>➢ उत्पाद के प्रदर्शन का मूल्यांकन करना और उत्पाद पोजिशनिंग रणनीतियों की सिफारिश करना.<br>➢ विनियामक और आंतरिक अनुपालन ढांचे के भीतर नए उत्पादों और पेशकशों के लिए समय पर और शीघ्र अनुमोदन और मंजूरी सुनिश्चित करने के लिए जोखिम, विधि, आंतरिक लेखापरीक्षा, आईटीटीएसएस आदि जैसे हमारे आंतरिक विभागों के साथ समन्वय करना.<br>➢ बैंक के कॉर्पोरेट और खुदरा ग्राहकों में डेरिवेटिव पैठ बढ़ाने के लिए सीटीएमयू / आरटीएमयू के साथ घनिष्ठ समन्वय करना.<br>➢ उत्पाद विकास और अनुमोदन की संपूर्ण प्रक्रिया<br>➢ अनुपालन कार्य–प्रवाह के स्वचालन और एकीकरण में सहायता करना.<br>➢ एवीपी–स्तरीय टीम के सदस्य का मार्गदर्शन करना और रणनीतिक उत्पाद योजना में योगदान देना.<br>➢ सौंपे गए अनुसार कोई अन्य संबंधित कार्य |
| *टिप्पणी:* | ***कार्यग्रहण करने पर केआरए निर्धारित किए जाएंगे. ऊपर वर्णित कार्य की रूपरेखा उदाहरण स्वरूप में हैं. बैंक द्वारा उपर्युक्त पदों के लिए ऊपर वर्णित भूमिका/कार्य के अलावा समय–समय पर अन्य कार्य सौंपे जा सकते हैं.*** |

| पद | प्रबंधक (उत्पाद एवं अनुसंधान – विदेशी मुद्रा एवं रुपया डेरिवेटिव) |
|---|---|
| कार्य प्रोफ़ाइल | **भूमिकाएँ एवं ज़िम्मेदारियाँ:**<br>चयनित उम्मीदवारों को ग्राहक की ज़रूरतों और बाज़ार की गतिशीलता के आधार पर आवश्यकता–अनुरूप उत्पाद डिज़ाइन करने होंगे। उन्हें डेरिवेटिव उत्पादों में तेज़ी से हो रहे विकास और विकसित हो रहे विनियामक ढाँचों से अपडेट रहना होगा.<br>➢ बाज़ारों की निगरानी करना और ग्राहक की अपेक्षाओं का आकलन करना.<br>➢ उत्पाद विकास में आवश्यक सहायता प्रदान करना.<br>➢ नए उत्पादों के डिज़ाइन और विकास में संलग्न विभिन्न विभागों के साथ संपर्क बनाए रखना.<br>➢ हितधारकों और शीर्ष प्रबंधन को नियमित अपडेट प्रदान करना. |
| पद के लिए प्रमुख दायित्व क्षेत्र (केआरए) | ➢ मूल्य निर्धारण मॉडल सत्यापन और प्रतिस्पर्धी बेंचमार्किंग के माध्यम से उत्पाद डिज़ाइन प्रक्रिया का समर्थन करना.<br>➢ डेरिवेटिव उत्पादों पर बाज़ार अनुसंधान और डेटा विश्लेषण करना.<br>➢ विदेशी मुद्रा और ब्याज दर डेरिवेटिव से संबंधित वैश्विक और घरेलू बाज़ार के घटनाक्रमों की निगरानी करना.<br>➢ रुपया स्वैप, बांड वायदा दर करारों आदि के लिए नई संरचनाएँ विकसित करने में सहायता करना. |

| | |
|---|---|
| | ➢ निर्णय लेने में सहायता के लिए आंतरिक ज्ञापन, डेटा विश्लेषण और जोखिम आकलन का मसौदा तैयार करना.<br>➢ ग्राहक उपयुक्तता का आकलन करने और ग्राहक-विशिष्ट उत्पादों को तैयार करने में विश्लेषणात्मक सहायता प्रदान करना.<br>➢ उत्पाद विकास और अनुमोदन की संपूर्ण प्रक्रिया.<br>➢ आंतरिक विभागों के साथ उत्पाद अनुमोदन और दस्तावेज़ीकरण में समन्वय स्थापित करने में सहायता करना.<br>➢ विनियामक और उत्पाद समिति अनुमोदन के लिए दस्तावेज़ीकरण और पश्च-स्तरीय तैयारी में सहायता करना.<br>➢ नई पेशकशों के लिए उत्पाद अभिशासन, अनुपालन और प्रौद्योगिकी टीमों के साथ समन्वय करना.<br>➢ विनियामक मानदंडों के अनुसार ग्राहकों के लिए उत्पाद उपयुक्तता दस्तावेज़ीकरण तैयार करना. |
| ***टिप्पणी:*** | ***भूमिकाएँ, दायित्व, कार्यकलापों और ऊपर उल्लिखित प्रमुख पारस्परिक क्रियाएं उदाहरणात्मक हैं. उपर्युक्त के अलावा भूमिकाएँ, दायित्व, कार्यकलापों और प्रमुख पारस्परिक क्रियाएं समय-समय पर बैंक द्वारा सौंपी जा सकती हैं.*** |

| पद | **प्रबंधक (अनुसंधान विश्लेषक)** |
|---|---|
| **कार्य प्रोफ़ाइल** | **भूमिकाएँ एवं उत्तरदायित्व:**<br>अनुसंधान विश्लेषक इक्विटी, विदेशी मुद्रा और ऋण बाजारों में गहन विश्लेषण और व्यावहारिक अंतर्दृष्टि प्रदान करेगा.<br>अनुसंधान विश्लेषक का प्राथमिक कार्य निम्नलिखित होगा:<br>➢ विभिन्न आस्ति श्रेणियों: इक्विटी, विदेशी मुद्रा और ऋण बाजारों में आधारभूत और तकनीकी अनुसंधान करना.<br>➢ समष्टि आर्थिक प्रवृत्तियों, केंद्रीय बैंक की नीतियों, भू-राजनीतिक घटनाक्रमों का विश्लेषण करना और उनके बाजार प्रभाव का आकलन करना.<br>➢ वित्तीय मॉडल तैयार करना और उनका रखरखाव करना तथा मूल्यांकन रिपोर्ट तैयार करना.<br>➢ कॉर्पोरेट आय, बांड प्रतिफल में घट-बढ़ और मुद्रा में उतार-चढ़ाव पर नज़र रखना और उनका विश्लेषण करना.<br>➢ अनुसंधान नोट, बाजार आउटलुक और सेक्टोरल रिपोर्ट तैयार करना और प्रस्तुत करना.<br>➢ अनुसंधान अंतर्दृष्टि के साथ रणनीतियों को संरेखित करने के लिए ट्रेडिंग डेस्क के साथ सहयोग करना.<br>➢ अद्यतन विनियामक दिशानिर्देशों को समझना. |
| **प्रमुख दायित्व क्षेत्र (केआरए)** | ➢ इक्विटी बाज़ारों और म्यूचुअल फ़ंडों पर अनुसंधान रिपोर्टें तैयार करना.<br>➢ विदेशी मुद्रा, कच्चे तेल और ब्याज दर बाज़ारों पर अनुसंधान रिपोर्ट और पूर्वानुमान तैयार करना.<br>➢ वित्तीय बाज़ारों के लिए महत्वपूर्ण विभिन्न घटनाओं पर अनुसंधान रिपोर्ट तैयार करना.<br>➢ नियमित सेक्टर/स्टॉक अपडेट तैयार करना.<br>➢ कंपनियों द्वारा प्राथमिक इक्विटी जारी करने के लिए रिपोर्ट तैयार करना.<br>➢ बैंक के निवेश जगत में कंपनियों के तिमाही परिणाम अपडेट तैयार करना.<br>➢ विश्लेषण के लिए प्रासंगिक विभिन्न आर्थिक और बाज़ार आँकड़ों पर नज़र रखना और उनका रखरखाव करना.<br>➢ बैंक के कॉर्पोरेट और खुदरा ग्राहकों में विदेशी मुद्रा की पहुँच बढ़ाने के लिए सीटीएमयू/आरटीएमयू के साथ घनिष्ठ समन्वय स्थापित करना.<br>➢ सौंपा गया कोई अन्य कार्य.<br>***टिप्पणी: भूमिकाएँ, दायित्व, कार्यकलापों और ऊपर उल्लिखित प्रमुख पारस्परिक क्रियाएं उदाहरणात्मक हैं. उपर्युक्त के अलावा भूमिकाएँ, दायित्व, कार्यकलापों और प्रमुख पारस्परिक क्रियाएं समय-समय पर बैंक द्वारा सौंपी जा सकती हैं.*** |

**IV) चयन प्रक्रिया:** चयन शॉर्टलिस्टिंग और साक्षात्कार पर आधारित होगा.

- **शॉर्टलिस्टिंग: न्यूनतम योग्यता और अनुभव होने मात्र से उम्मीदवार को साक्षात्कार के लिए बुलाये जाने का कोई अधिकार नहीं होगा.** बैंक द्वारा गठित शॉर्टलिस्टिंग समिति शॉर्टलिस्टिंग मानदंड निर्धारित करेगी और उसके पश्चात् बैंक द्वारा लिये गये निर्णय के अनुसार पर्याप्त संख्या में उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए शॉर्टलिस्ट किया जाएगा. साक्षात्कार के लिए उम्मीदवारों को बुलाए जाने का बैंक का निर्णय अंतिम होगा. **इस संबंध में किसी पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा.** चयनित उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा.

- **साक्षात्कार:** साक्षात्कार 100 अंकों का होगा. साक्षात्कार में अर्हक अंक बैंक द्वारा तय किए जाएंगे. इस संबंध में कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा.

- **मेरिट सूची:** चयन के लिए मेरिट सूची केवल साक्षात्कार में प्राप्त अंकों के आधार पर अवरोही क्रम में तैयार की जाएगी. एक से अधिक उम्मीदवारों द्वारा निर्दिष्ट अंक प्राप्त करने पर (निर्दिष्ट सीमा पर एक समान अंक होने पर), ऐसे उम्मीदवारों की मेरिट में उनकी आयु के आधार पर अवरोही क्रम में रैंक की जाएगी.

**V) ग्रेड एवं पारिश्रमिक:**

| ग्रेड | वेतनमान* | टिप्पणी |
|---|---|---|
| वरिष्ठ प्रबंधन ग्रेड स्केल - V | रुपए (120940-3360/2-127660-3680/2-135020) | अधिकारी समय-समय पर लागू नियमों के अनुसार महंगाई भत्ता, मकान किराया भत्ता, नगर प्रतिपूरक भत्ता, भविष्य निधि, अंशदायी पेंशन निधि अर्थात् एनपीएस, अवकाश किराया रियायत, चिकित्सा सुविधा, अन्य परिलब्धियों आदि के लिए पात्र होगा.<br>**परिवीक्षा अवधि: 12 महीने** |
| मध्य प्रबंधन ग्रेड स्केल - III | रुपए (85920-2680/5-99320-2980/2-105280) | |

**साक्षात्कार के लिए कॉल लेटर:** साक्षात्कार के लिए कॉल लेटर/ सूचना ईमेल द्वारा भेजी जाएगी या बैंक की वेबसाइट पर अपलोड कर दी जाएगी. **कोई कागजी प्रति नहीं भेजी जाएगी.**

**सिबिल (CIBIL): जिन उम्मीदवारों ने क्रेडिट कार्ड की बकाया राशि सहित बैंकों/एनबीएफसी/वित्तीय संस्थाओं के साथ किसी भी उधार व्यवस्था के तहत चुकौती में चूक की है और बैंक द्वारा नियुक्ति प्रस्ताव पत्र जारी करने की तारीख तक उनके बकाया को नियमित/चुकाया नहीं है, वे पद पर नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होंगे.** हालांकि, ऐसे उम्मीदवार जिन्होंने नियुक्ति प्रस्ताव-पत्र जारी होने की तारीख को या उससे पहले इस तरह के बकाया को नियमित कर लिया है/चुका दिया है, लेकिन जिनकी सिबिल (CIBIL) स्थिति को शामिल होने की तारीख को या उससे पहले अपडेट नहीं किया गया है, उन्हें या तो सिबिल की स्थिति को अपडेट कराना होगा या ऋणदाता से इस आशय का अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा कि सिबिल में प्रतिकूल रूप से दर्शाए गए खातों के संबंध में कोई बकाया नहीं है, ऐसा न करने पर प्रस्ताव पत्र वापस ले लिया जाएगा/रद्द कर दिया जाएगा. इस प्रकार, ऋण/क्रेडिट कार्ड बकाए के भुगतान में चूक के रिकॉर्ड और/या जिनके नाम पर सिबिल या अन्य बाहरी एजेंसियों की प्रतिकूल रिपोर्ट उपलब्ध है, ऐसे उम्मीदवार नियुक्ति के लिए पात्र नहीं हैं.

**स्थानांतरण नीति:** बैंक ऐसे अधिकारियों की सेवाओं का स्थानांतरण भारत में स्थित भारतीय स्टेट बैंक के किसी भी कार्यालय में करने या उन्हें अपने किन्हीं सहयोगियों/अनुषंगियों के पास या किसी अन्य संस्था के पास तैनात करने का अधिकार सुरक्षित रखता है, जो सेवा की आवश्यकताओं पर निर्भर होगा. किसी विशिष्ट स्थान/कार्यालय पर नियुक्ति/स्थानांतरण के अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा.

**महत्वपूर्ण बिंदुः**

i. ऊपर उल्लिखित आरक्षित रिक्त-पदों सहित रिक्तियों की संख्या **अनंतिम है** और यह बैंक की वास्तविक आवश्यकता के अनुसार **बदल सकती है.**

ii. विभिन्न पदों के लिए निर्धारित शैक्षणिक योग्यता न्यूनतम है. उम्मीदवार को **निर्दिष्ट तिथियों के अनुसार योग्यता** और **प्रासंगिक पूर्णकालिक अनुभव** होना चाहिए.

iii. बेंचमार्क दिव्यांग व्यक्ति, जिनके लिए कोई आरक्षण का उल्लेख नहीं किया गया है, सहित आरक्षित श्रेणी से संबंधित उम्मीदवार अनारक्षित श्रेणी के लिए घोषित रिक्तियों के लिए आवेदन करने के लिए स्वतंत्र हैं, बशर्ते वे अनारक्षित श्रेणी के लिए लागू सभी पात्रता मानदंडों को पूरा करते हों.

iv. इंगित अधिकतम आयु सामान्य श्रेणी के उम्मीदवारों के लिए है. आरक्षित श्रेणी के उम्मीदवारों को भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार **ऊपरी आयु सीमा में छूट** उपलब्ध होगी (जहां लागू हो).

v. विभिन्न श्रेणियों के तहत आरक्षण प्रचलित सरकारी दिशानिर्देशों के अनुसार होगा.

vi. ओबीसी श्रेणी के लिए आरक्षित रिक्तियां **'नॉन-क्रीमी लेयर'** से संबंधित ओबीसी उम्मीदवारों के लिए उपलब्ध हैं. ओबीसी श्रेणी से संबंधित लेकिन क्रीमी लेयर में आने वाले उम्मीदवार ओबीसी श्रेणी के लिए उपलब्ध किसी भी छूट/आरक्षण के हकदार नहीं हैं. उन्हें अपनी श्रेणी को अनारक्षित या अनारक्षित (VI), जो भी लागू हो, दर्शानी होगी.

vii. ओबीसी श्रेणी के उम्मीदवार को भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप में 01.04.2025 से साक्षात्कार की तारीख तक की अवधि के दौरान जारी ओबीसी प्रमाण पत्र जमा करना चाहिए जिसमें नॉन-क्रीमी लेयर खंड हो. उक्त तारीख के बाद 'प्रमाणपत्र' प्रस्तुत करने के लिए समय बढ़ाने के किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा और उनकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी.

viii. अजा/अजजा/ओबीसी (नॉन क्रीमी लेयर) उम्मीदवारों को **भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप** में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किया गया जाति प्रमाण-पत्र जमा करना होगा.

ix. नियोक्ता से संबंधित **अनुभव प्रमाण पत्र** में विशेष रूप से उल्लेख होना चाहिए कि उम्मीदवार को संबंधित क्षेत्र में अपेक्षित अनुभव है.

x. बैंक **बिना कोई कारण बताए किसी भी स्तर पर** भर्ती प्रक्रिया को आंशिक या पूर्ण रूप से रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है.

xi. शुल्क में छूट चाहने वाले उम्मीदवारों को उस समय निर्धारित प्रारूप में सक्षम प्राधिकारी का वैध अपेक्षित प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा, जब दस्तावेज़ सत्यापन के समय ऐसा प्रमाण पत्र मांगा जाता है. अन्यथा, उनके दावे पर विचार नहीं किया जाएगा और उनकी उम्मीदवारी रद्द/अस्वीकृत कर दी जाएगी.

xii. पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवार को भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार एक सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा.

xiii. पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवारों के लिए आरक्षण समस्तरीय है और संबंधित मूल श्रेणी की रिक्ति में शामिल है.

xiv. केवल बेंचमार्क दिव्यांगता वाले व्यक्ति ही बेंचमार्क दिव्यांगता (PwBD) श्रेणी के तहत आरक्षण के लिए पात्र होंगे. 'बेंचमार्क दिव्यांगता वाले व्यक्ति' से आशय उस व्यक्ति से है जो विनिर्दिष्ट दिव्यांगता का कम से कम 40 प्रतिशत दिव्यांग हो, उन मामलों में जहाँ विनिर्दिष्ट दिव्यांगता को मापन श्रेणी में नहीं रखा गया है. प्रमाणित करने वाले प्राधिकारी के प्रमाणन के अनुसार इसके अंतर्गत वह दिव्यांग व्यक्ति भी आता है जिसकी दिव्यांगता को मापन श्रेणी में रखा गया है. दिव्यांगजन (पीडब्ल्यूबीडी) के लिए आरक्षित बैकलॉग रिक्तियों को संबंधित श्रेणी में संदर्भित दिव्यांगता (पीडब्ल्यूबीडी) वाले उम्मीदवारों द्वारा भरा जाएगा. यदि उस श्रेणी से कोई उपयुक्त उम्मीदवार उपलब्ध नहीं है, तो ऐसे बैकलॉग को अन्य पात्र दिव्यांगजन उम्मीदवारों के बीच परस्पर अदला-बदली द्वारा भरा जाएगा, बशर्ते कि पद ऐसी दिव्यांगताओं के लिए उपयुक्त निर्धारित किए गए हों.

xv. **बेंचमार्क दिव्यांगता वाले (पीडब्ल्यूबीडी) व्यक्तियों के लिए आरक्षण**ः दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 की धारा 34 के अनुसार निर्धारित दिव्यांग वाले व्यक्तियों को समस्तरीय आरक्षण दिया गया है. आरपीडब्ल्यूडी अधिनियम 2016 की अनुसूची में परिभाषित किए गए विकलांग व्यक्तियों के लिए उपयुक्त पोस्ट की पहचान की गई है:

| बेंचमार्क दिव्यांगता की उपयुक्त श्रेणी | कार्यात्मक आवश्यकता |
|---|---|
| वीआई (दृष्टि बाधित) {वीआई – एलवी (कम दृष्टि)} | एस– बैठना,<br>डब्ल्यू– चलना,<br>एमएफ– उंगलियाँ से परिचालन,<br>बीएन– झुकना,<br>एसटी– खड़ा होना,<br>एच– श्रवण,<br>सी– संप्रेषण |

**दृष्टि बाधित (वीआई-एलवी)**: केवल वे ही दृष्टि बाधित (कम दृष्टि) व्यक्ति आवेदन करने के लिए पात्र है, जो बेहतर इलाज के बाद भी निम्नलिखित में से किसी एक स्थिति से ग्रस्त रहे हैंः

**क. कम दृष्टि**ः i. दृष्टि सुधार के बाद बेहतर आँख में दृष्टि तीक्ष्णता 6/18 से अधिक न हो या 20/60 से 3/60 अथवा 10/200 (स्नेलेन) से कम न हो; अथवा; ii. दृष्टि के क्षेत्र की सीमा विरुद्ध दिशा में 40 से 10 डिग्री के कम के कोण बनाती हो.

**नोटः** केवल **बेंचमार्क दिव्यांगता वाले व्यक्ति** ही आरक्षण के लिए पात्र हैं और उनकी बेंचमार्क दिव्यांगता को यदि मापन श्रेणी में नहीं रखा गया है, तो वह 40% से कम नहीं होनी चाहिए और यदि बेंचमार्क दिव्यांगता को मापन श्रेणी में रखा गया है, तो ऐसी दिव्यांगता वाले व्यक्ति, जिसे प्रमाणकर्ता प्राधिकारी द्वारा प्रमाणित किया गया है, इसमें शामिल होंगे.

आरक्षण का लाभ उठाने के इच्छुक व्यक्ति को चिकित्सा प्राधिकारी या किसी अन्य अधिसूचित सक्षम प्राधिकारी (प्रमाणकर्त्ता प्राधिकारी) द्वारा निर्धारित प्रारूप पर जारी नवीनतम दिव्यांगता प्रमाण पत्र जमा करना होगा. प्रमाणपत्र आवेदन के पंजीकरण की अंतिम तिथि या उससे पहले का होना चाहिए.

xvi. उम्मीदवार जिनके खिलाफ चरित्र और पूर्ववृत्त (कैरेक्टर एंड एंटीसिडण्टस), नैतिकता आदि के बारे में प्रतिकूल रिपोर्ट हैं, वह भी इस पद के लिए आवेदन करने के लिए पात्र नहीं हैं. यदि शॉर्टलिस्ट किए गए/चयनित उम्मीदवारों के विरुद्ध ऐसे कोई भी प्रतिकूल आदेश/रिपोर्ट उनके चयन/नियुक्ति के बाद बैंक को मिलती/प्राप्त होती है, तो उनकी उम्मीदवारी/सेवा तुरंत समाप्त कर दी जाएगी.

xvii. यदि किसी उम्मीदवार द्वारा एक से अधिक पदों के लिए एक से अधिक आवेदन (एकाधिक आवेदन) जमा किए जाते हैं, तो आवेदित पद के लिए केवल अंतिम वैध (पूर्ण) आवेदन ही रखा जाएगा, और अन्य पंजीकरणों के लिए भुगतान किया गया आवेदन शुल्क, यदि कोई हो, जब्त कर लिया जाएगा. इसके अलावा, साक्षात्कार/कार्यग्रहण के समय एक उम्मीदवार द्वारा एकाधिक हाजिरी/उपस्थिति की परिणति उम्मीदवारी को सरासरी तौर पर अस्वीकृति/रद्दीकरण में होगी.

xviii. पद के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि भर्ती के सभी चरणों में उनका प्रवेश निर्धारित पात्रता शर्तों को पूरा करने के अधीन पूरी तरह से अनंतिम होगा. उम्मीदवार को केवल कॉल लेटर/ई-प्रवेश पत्र जारी करने का मतलब यह नहीं होगा कि पद के लिए उसकी उम्मीदवारी अंततः स्वीकार कर ली गई है. बैंक मूल दस्तावेजों के संदर्भ में पात्रता शर्तों का सत्यापन तभी करता है जब उम्मीदवार को शॉर्टलिस्ट कर लिया जाता है और साक्षात्कार के लिए बुलाया जाता है.

xix. **जो उम्मीदवार सरकार/अर्ध-सरकारी कार्यालयों, राष्ट्रीयकृत बैंकों और वित्तीय संस्थानों सहित सार्वजनिक क्षेत्र के प्रतिष्ठानों में कार्यरत हैं, उन्हें सूचना दी जाती है कि वे साक्षात्कार के समय अपने नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाणपत्र लेकर प्रस्तुत करें, ऐसा न करने पर उनकी उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा और वे यदि किसी यात्रा व्यय की प्रतिपूर्ति के लिए पात्र होंगे, तो उन्हें उसका भुगतान नहीं किया जाएगा.**

xx. **मेरिट सूची**ः चयन के लिए मेरिट सूची केवल साक्षात्कार में प्राप्त अंकों के आधार पर अवरोही क्रम में तैयार की जाएगी. एक से अधिक उम्मीदवारों द्वारा निर्दिष्ट अंक प्राप्त करने पर (निर्दिष्ट सीमा पर एक समान अंक होने पर), ऐसे उम्मीदवारों की मेरिट में उनकी आयु के आधार पर अवरोही क्रम में रैंक प्रदान की जाएगी.

xxi. न्यूनतम योग्यता और अनुभव होने मात्र से उम्मीदवार को साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने का कोई अधिकार नहीं होगा. बैंक द्वारा गठित शॉर्टलिस्टिंग समिति शॉर्टलिस्टिंग मानदंड निर्धारित करेगी और उसके बाद बैंक द्वारा लिये गये निर्णय के अनुसार पर्याप्त संख्या में उम्मीदवार शॉर्टलिस्ट कर साक्षात्कार के लिए बुलाये जायेंगे. **साक्षात्कार के लिए उम्मीदवारों को बुलाए जाने का बैंक का निर्णय अंतिम होगा. इस संबंध में किसी पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा.**

## क. आवेदन कैसे करें:

उम्मीदवारों की **वैध ईमेल आईडी** हो जिसे परिणाम घोषित होने तक एक्टिव रखा जाए. इससे उसे अपना कॉल लेटर/साक्षात्कार संबंधी सूचना आदि ईमेल के माध्यम से प्राप्त करने में सहायता होगी.

| ऑनलाइन आवेदन करने के लिए दिशानिर्देश | शुल्क भुगतान के लिए दिशानिर्देश |
|---|---|
| i. उम्मीदवार एसबीआई की वेबसाइट **https://sbi.bank.in/web/careers/current-openings** पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से अपना ऑनलाइन पंजीकरण करें और इन्टरनेट बैंकिंग/ डेबिट कार्ड/ क्रेडिट कार्ड आदि का उपयोग करके आवेदन शुल्क का भुगतान करें.<br>ii. उम्मीदवार सर्वप्रथम अपने नवीनतम फोटो और हस्ताक्षर स्कैन करें. ऑनलाइन आवेदन तब तक पंजीकृत नहीं होगा जब तक कि उम्मीदवार अपनी फोटो और हस्ताक्षर ऑनलाइन पंजीकरण पेज पर बताए अनुसार अपलोड ('दस्तावेज़ अपलोड कैसे करें' के अंतर्गत) नहीं कर देता/देती.<br>iii. उम्मीदवार आवेदन को ध्यानपूर्वक भरें. आवेदन पूरी तरह से भरने के बाद ही उम्मीदवार इसे प्रस्तुत करें. यदि एक बार में उम्मीदवार आवेदन नहीं भर पाता है, तो वह पहले से प्रविष्ट जानकारी को सेव कर सकता/सकती है. जब जानकारी/आवेदन को सेव किया जाएगा तो एक अनंतिम पंजीकरण नंबर और पासवर्ड सिस्टम द्वारा बन कर आ जाएगा और यह स्क्रीन पर प्रदर्शित होगा. **उम्मीदवार इस पंजीकरण नंबर और पासवर्ड को नोट कर लें.** वे इस सेव किए हुए आवेदन को पंजीकरण नंबर और पासवर्ड का प्रयोग कर फिर से खोल सकते हैं और यदि आवश्यक हो तो दिए गए विवरण में संशोधन कर सकते हैं. सेव की गई जानकारी को इस तरह से बदल कर संशोधन करने की अनुमति मात्र तीन बार तक होगी. आवेदन जब पूरी तरह से भरा जाएगा तब उम्मीदवार को चाहिए कि वह इसे प्रस्तुत करें और ऑनलाइन शुल्क का भुगतान करें.<br>iv. **ऑनलाइन पंजीकरण हो जाने के बाद, उम्मीदवारों को यह सूचना दी जाती है कि वे सिस्टम के बनाए ऑनलाइन आवेदन प्रपत्रों को प्रिन्ट कर लें.**<br>v. आयु सीमा में छूट चाहने वाले उम्मीदवारों को कार्य-ग्रहण करते समय जरूरी प्रमाणपत्र (पत्रों) की प्रतियां प्रस्तुत करनी होगी. ऑनलाइन आवेदन पंजीकरण के पश्चात, किसी उम्मीदवार की श्रेणी में कोई परिवर्तन संभव नहीं है. | i. सामान्य/ईडब्ल्यूएस/ओबीसी उम्मीदवारों के लिए आवेदन शुल्क और सूचना प्रभार (वापस न करने योग्य) ₹750/- है (सात सौ पचास रुपए मात्र) और अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/बेंचमार्क दिव्यांग व्यक्ति के उम्मीदवारों के लिए कोई शुल्क/सूचना प्रभार नहीं है.<br>ii. आवेदन पत्र के विवरण सही हैं यह सुनिश्चित कर लेने के बाद उम्मीदवार द्वारा आवेदन के साथ एकीकृत भुगतान गेटवे के माध्यम से शुल्क का भुगतान करना होगा. इसके बाद आवेदन में कोई परिवर्तन/संशोधन की अनुमति नहीं दी जाएगी.<br>iii. शुल्क का भुगतान वहां उपलब्ध भुगतान गेटवे के माध्यम से ऑनलाइन ही करना होगा. भुगतान डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड/इन्टरनेट बैंकिंग आदि द्वारा स्क्रीन पर बताई जानकारी के अनुसार किया जा सकता है. ऑनलाइन भुगतान करते समय यदि कोई लेनदेन शुल्क लागू हो तो वह उम्मीदवारों को ही वहन करना होगा.<br>iv. भुगतान कार्य सफलतापूर्वक हो जाने के बाद उम्मीदवार द्वारा प्रस्तुत किए जाने की तारीख के साथ ई-रसीद और आवेदन फॉर्म बनेगा जिसे प्रिन्ट कर उम्मीदवार अपने पास रख लें.<br>v. यदि पहली बार में ऑनलाइन शुल्क का भुगतान नहीं हो पाता है, तो ऑनलाइन भुगतान के लिए फिर से प्रयास करें.<br>vi. शुल्क विवरणों सहित ई-रसीद और आवेदन फॉर्म का प्रिन्ट फिर से करने का भी प्रावधान है.<br>vii. **एक बार भुगतान किया गया आवेदन शुल्क किसी भी कारण से वापस नहीं लौटाया जाएगा, न ही इसे किसी अन्य परीक्षा या भावी चयन के लिए समायोजित किया जाएगा.** |

## ख. दस्तावेज़ों को अपलोड कैसे करें:

**अ. अपलोड किए जाने वाले दस्तावेज़ों का विवरण:**

i. नवीनतम फोटोग्राफ
ii. हस्ताक्षर
iii. संक्षिप्त बॉयोडाटा (पीडीएफ)
iv. पहचान पत्र का प्रमाण (पीडीएफ)
v. जन्म तिथि का प्रमाण (पीडीएफ)
vi. पीडब्ल्यूबीडी प्रमाणन (यदि लागू हो) (पीडीएफ)
vii. शैक्षणिक योग्यता: संबंधित अंक तालिका/डिग्री प्रमाणपत्र (पीडीएफ)
viii. अनुभव प्रमाण पत्र (पीडीएफ)
ix. फॉर्म-16/ऑफर लेटर/वर्तमान नियोक्ता से नवीनतम वेतन पर्ची (पीडीएफ)
x. अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी) (यदि लागू हो) (पीडीएफ)
xi. बायोडाटा फॉर्म (विधिवत भरा, हस्ताक्षरित और पीडीएफ में स्कैन किया हुआ – बैंक की करियर वेबसाइट पर विज्ञापन के तहत उपलब्ध है).

**ब. फोटोग्राफ फाइल टाइप/साइज़:**

i. पासपोर्ट आकार की नवीनतम रंगीन फोटो होनी चाहिए.
ii. फाइल का आकार 20 केबी-50 केबी और डायमेंशन 200X230 पिक्सल (अधिमानतः) तक होना चाहिए.
iii. यह सुनिश्चित कर लें कि फोटो रंगीन है, और सफेद या हल्के रंग की पृष्ठभूमि में लिया गया हो.
iv. तनावमुक्त होकर कैमरे में सामने की ओर देखें.
v. फोटो यदि धूप में ली गई हो तो सूरज आपके पीछे रहे या आप छाया में हों ताकि आपकी नज़र में तिरछापन न आए या फिर कोई छाया न पड़े.
vi. यदि आपको फ्लैश का प्रयोग करना होता है, तो आप यह सुनिश्चित करें कि इसमें रेड-आई नहीं है.
vii. यदि आप चश्मा लगाते हैं, तो यह सुनिश्चित करें कि कोई परछाई नहीं पड़ रही है और आपकी आंखें साफ देखी जा सकती हैं.
viii. टोपी, हैट और गहरे रंग का चश्मा लगाया जाना स्वीकार्य नहीं है. धार्मिक प्रतीक पगड़ी आदि बांध सकते हैं लेकिन इससे आपका चेहरा ढकने न पाए.
ix. यह सुनिश्चित करें कि स्कैन किया गया चित्र 50 केबी से अधिक का नहीं है. फाइल का आकार यदि 50 केबी से अधिक का है, तो स्कैनिंग की प्रक्रिया के दौरान डीपीआई रिजोल्यूशन, रंगों की संख्या आदि जैसी बातें स्कैनर पर सेट करके समायोजित कर लें.

**स. हस्ताक्षर फाइल का प्रकार/आकार:**

i. आवेदक सफेद कागज पर काली पेन से हस्ताक्षर करें.
ii. हस्ताक्षर आवेदक स्वयं करे न कि कोई अन्य व्यक्ति.
iii. हस्ताक्षर का उपयोग कॉल लेटर तथा जहां भी आवश्यक होगा किया जाएगा.
iv. फाइल का आकार 10 केबी-20 केबी के बीच का हो और डायमेंशन 140X60 पिक्सल (अधिमानतः) हो.
v. यह सुनिश्चित करें कि स्कैन किए गए चित्र का आकार 20 केबी से अधिक नहीं है.
vi. अंग्रेजी के केपिटल लेटर में किए गए हस्ताक्षर स्वीकार्य नहीं होंगे.

**द. दस्तावेज की फाइल का प्रकार/आकार:**

i. सभी दस्तावेज़ पीडीएफ प्रारूप में हों. (फोटोग्राफ और हस्ताक्षर को छोड़कर)
ii. दस्तावेज़ के पृष्ठ का आकार ए4 का हो.
iii. फाइल का आकार 500 केबी से अधिक का न हो.
iv. दस्तावेज़ को यदि स्कैन किया जा रहा है तो आप यह सुनिश्चित करें कि इसे पीडीएफ के रूप में सेव कर लिया गया है और इसका आकार पीडीएफ के तौर पर 500 केबी से अधिक का नहीं है. फाइल का आकार यदि 500 केबी से अधिक का है तो स्कैनर की सेटिंग की प्रक्रिया के दौरान डीपीआई का रिज़ोल्यूशन, रंगों की संख्या आदि समायोजित करें. यह सुनिश्चित कर लें कि अपलोड किए गए दस्तावेज़ साफ और पढ़े जा सकने योग्य हैं.

**य. फोटो/हस्ताक्षर/दस्तावेज़ों को स्कैन करने हेतु दिशानिर्देश:**

i. स्कैनर के रिज़ोल्यूशन को कम से कम 200 डीपीआई (डॉट्स पर इन्च) पर रखें.
ii. कलर को ट्रू कलर पर सेट करें.
iii. फोटो/हस्ताक्षर के किनारे तक क्रॉप करके इमेज को स्कैन करें फिर इमेज को अंतिम आकार (जैसा ऊपर बताया गया है) देने के लिए क्रॉप करने हेतु अपलोड एडिटर का प्रयोग करें.
iv. फोटो/हस्ताक्षर की फाइल जेपीजी या जेपीईजी प्रारूप में हो (यानी फाइल का नाम image01.jpg या image01.jpeg दिखाई दे)
v. इमेज के आयाम फोल्डर/फाइल की लिस्टिंग कर जांचे जा सकते हैं या फिर फाइल इमेज के आयकॅन पर माउस को घुमाकर इसे जांचा जा सकता है
vi. जो उम्मीदवार एमएस विन्डोज़/एमएस ऑफिस का प्रयोग करते हैं, वे आसानी से फोटो और हस्ताक्षर जेपीईजी फार्मेट में पा सकते हैं जो कि क्रमशः 50 केबी और 20 केबी से अधिक न होगी, इसके लिए एमएस पेन्ट या एमएस ऑफिस पिक्चर मैनेजर का प्रयोग करना होगा. स्कैन किया गया फोटो या हस्ताक्षर किसी भी फार्मेट से जेपीजी (jpg) फार्मेट में सेव किए जा सकते हैं. इसके लिए फाइल मेन्यू में 'सेव ऐज़' के विकल्प का प्रयोग करना होगा. इमेज मेन्यू द्वारा क्रॉप और रिसाइज़ (बिंदु 1 और 2 ऊपर देखें जो कि पिक्सल आकार के लिए दिया हुआ है) विकल्प चुनकर फाइल के आकार को 50 केबी (फोटो) और 20 केबी (हस्ताक्षर) से कम किया जा सकता है. इसी तरह के विकल्प अन्य फोटो एडीटर में भी उपलब्ध हैं.
vii. ऑनलाइन आवेदन फार्म भरते समय उम्मीदवार को एक लिंक उपलब्ध करवाया जाएगा ताकि वह अपने फोटो और हस्ताक्षर को अपलोड कर सके.

**र. दस्तावेज़ अपलोड करने की प्रक्रिया:**

i. प्रत्येक दस्तावेज़ को अपलोड करने हेतु अलग-अलग लिंक दिए गए हैं.
ii. ''अपलोड'' का संबंधित लिंक क्लिक करें.
iii. ब्राउज़ करके उस जगह को चुनें जहां कि जेपीजी या जेपीईजी, पीडीएफ, डीओसी या डीओसीएक्स फाइल को सेव किया गया है.
iv. फाइल पर क्लिक कर इसे चुनें और अपलोड का बटन क्लिक करें.
v. आवेदन सबमिट करने से पहले दस्तावेज़ अपलोड हो गया है और सही तरह से खुल रहा है, इस बात की पुष्टि करने के लिए प्रिव्यू क्लिक करें. यदि फाइल का आकार और प्रारूप बताए अनुसार नहीं है तो इसमें त्रुटि का संदेश आएगा.
vi. दस्तावेज़ अपलोड हो जाने के बाद/प्रस्तुत कर दिए जाने के बाद संशोधित/परिवर्तित नहीं हो सकेंगे.
vii. **ऑनलाइन आवेदन फार्म में फोटो/हस्ताक्षर अपलोड कर दिए जाने के बाद उम्मीदवार जांच लें कि फोटो साफ हैं और ये ठीक तरह से अपलोड हुए हैं.** फोटो या हस्ताक्षर स्पष्ट रूप से यदि नहीं दिखें तो उम्मीदवार अपने आवेदन को संशोधित कर सकता/सकती है और अपने फोटो या हस्ताक्षर आवेदन फार्म प्रस्तुत किए जाने से पहले फिर से अपलोड कर सकता/सकती है. **फोटो पर चेहरा या हस्ताक्षर यदि स्पष्ट नहीं हैं तो उम्मीदवार का आवेदन अस्वीकार किया जा सकता हैं.**

**ग. सामान्य जानकारी:**

i. पद के लिए आवेदन करने से पहले आवेदक को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वह पद के लिए उपर्युक्त वर्णित योग्यता और अन्य मानदंडों को निर्दिष्ट तारीख को पूरा करता/करती है और उसके द्वारा प्रस्तुत विवरण सभी प्रकार से सही है.

ii. आरक्षित श्रेणी के उम्मीदवार, उन उम्मीदवारों को शामिल करके जिनके लिए किसी आरक्षण का वर्णन नहीं किया गया है, अनारक्षित श्रेणी के लिए घोषित रिक्त पदों के लिए आवेदन करने के लिए स्वतंत्र हैं बशर्ते वे अनारक्षित श्रेणी के लिए लागू पात्रता की सभी शर्तें पूरी करते हों.

iii. भर्ती के किसी भी स्तर पर यदि ऐसा पता चलता है कि कोई उम्मीदवार पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं करता/करती है, तो और/या यह कि उसने गलत/झूठी जानकारी दी है या उसने कोई महत्वपूर्ण जानकारी (जानकारियां) छिपाई हैं तो उसकी उम्मीदवारी को निरस्त कर दिया जाएगा. इनमें से यदि कोई बात उसके नियुक्ति के बाद भी पता चलती है, तो उसकी सेवाएं समाप्त की जा सकती हैं.

iv. आवेदक को सुनिश्चित करना चाहिए कि आवेदन पूरी तरह से निर्धारित प्रारूप के अनुसार है और सही एवं पूरी तरह से भरा गया है.

v. चयनित उम्मीदवार कि नियुक्ति बैंक की आवश्यकता के अनुसार वैद्यकीय रूप से उपयुक्त घोषित किए जाने के अधीन है. इस तरह कि नियुक्ति बैंक में ऐसे पद के लिए बैंक के सेवा और आचरण नियमों के अधीन भी होगी, जो बैंक में भर्ती होने के समय लागू है.

vi. उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि वे संप्रेषण जैसे कॉल लेटर/साक्षात्कार की तारीख की सूचना, आदि प्राप्त करने के लिए अपने ई-मेल आईडी को एक्टिव रखें.

vii. किसी पत्र प्राप्ति में विलंब होने या न मिलने के लिए बैंक की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी.

viii. जो उम्मीदवार सरकार/अर्ध-सरकारी कार्यालयों, बैंकों और वित्तीय संस्थानों सहित सार्वजनिक क्षेत्र के प्रतिष्ठानों में कार्यरत हैं, उन्हें सूचना दी जाती है कि वे साक्षात्कार के समय अपने नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाणपत्र लेकर प्रस्तुत करें, ऐसा न करने पर उनकी उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा और वे यदि किसी यात्रा व्यय की प्रतिपूर्ति के लिए पात्र होंगे, तो उन्हें उसका भुगतान नहीं किया जाएगा.

ix. चयन की दशा में, उम्मीदवार से अपेक्षा होगी कि वह नियुक्ति प्राप्त करते समय अपने नियोक्ता का उचित डिस्चार्ज सर्टिफिकेट प्रस्तुत करें.

x. उम्मीदवारों को उन्हीं के हित के लिए यह सूचना दी जाती है कि वे अंतिम तारीख से पहले समय रहते ही ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत कर दें और वे अंतिम तारीख का इंतज़ार न करते रहें क्योंकि बाद में हो सकता है कि वेबसाइट में लॉग ऑन करने में डिसकनेक्शन/अक्षमता/फेलियर की स्थिति बन जाए इन्टरनेट पर भारी लोड या फिर वेबसाइट जाम होने के कारण ऐसा हो जाए. पूर्वोक्त कारणों से एसबीआई के नियंत्रण से बाहर के किसी भी कारण से यदि उम्मीदवार अपना आवेदन समय रहते नहीं कर पाते हैं, तो इसके लिए एसबीआई किसी भी तरह से जिम्मेदार नहीं होगा.

xi. पात्रता, साक्षात्कार आयोजित किए जाने, अन्य परीक्षाएं और चयन के सभी मामलों में बैंक के निर्णय अंतिम और सभी उम्मीदवारों के लिए बाध्यकारी होंगे. इस संबंध में किसी अभ्यावेदन पर विचार नहीं किया जाएगा और न ही इस संबंध में कोई पत्र-व्यवहार किया जाएगा.

xii. आवेदन में दी गई जानकारी बाद में गलत पाए जाने पर आवेदक पर दीवानी/फौजदारी मुकदमा किया जा सकता है.

xiii. पात्रता संबंधी मानदंड पूरा करने मात्र से उम्मीदवार साक्षात्कार के लिए बुलाये जाने का हकदार नहीं है. बैंक के पास उम्मीदवार की योग्यता, उपयुक्तता, अनुभव आदि के संबंध में प्रारंभिक जांच/शॉर्टलिस्टिंग करने के बाद उचित संख्या में ही उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने का अधिकार सुरक्षित है.

xiv. एकाधिक पद के लिए एक से अधिक आवेदन प्राप्त होने की स्थिति में, आवेदित पद के लिए केवल अंतिम वैध (पूर्ण) आवेदन ही बरकरार रखा जाएगा, पद के लिए अन्य पंजीकरण हेतु भुगतान किया गया आवेदन शुल्क/सूचना प्रभार जब्त कर लिया जाएगा.

xv. इस विज्ञापन और/या इसके जवाब में आए आवेदन के कारण किसी दावे या विवाद की दशा में कानूनी कार्यवाही केवल मुंबई और मुंबई स्थित न्यायालयों/न्यायाधिकरणों/फोरम पर ही की जा सकती हैं. किसी भी मुकदमे/विवाद की सुनवाई का एकल व एकमात्र अधिकार क्षेत्र मुंबई ही होगा.

xvi. बाहरी उम्मीदवारों, जिन्हें शॉर्टलिस्टिंग के बाद साक्षात्कार के लिए बुलाया जा सकता है, को वास्तविक यात्रा के आधार पर सबसे छोटे मार्ग से सभी पदों के लिए बैंक द्वारा अनुमोदित निर्दिष्ट सीमा तक इकोनॉमी क्लास में हवाई यात्रा की लागत की प्रतिपूर्ति की जाएगी. स्थानीय वाहन जैसे टैक्सी/कैब/निजी वाहन व्यय/किराया देय नहीं होगा. यदि उम्मीदवार को पद के लिए अपात्र पाया जाता है, तो उसे साक्षात्कार के लिए उपस्थित होने की अनुमति नहीं दी जाएगी और किसी भी किराए की प्रतिपूर्ति नहीं की जाएगी.

xvii. आवेदन पत्र एक बार प्रस्तुत कर दिए जाने पर उसमें किसी भी विवरण (श्रेणी सहित) में परिवर्तन/ सुधार के लिए अनुरोध पर किसी भी परिस्थिति में विचार नहीं किया जाएगा. इस संबंध में किसी पत्राचार/ फोन/ ईमेल पर विचार नहीं किया जाएगा. उम्मीदवारों को सूचना दी जाती है कि वे ऑनलाइन आवेदन को सावधानी से भरें और आवेदन में सही जानकारी प्रस्तुत करें.

xviii. **बैंक के पास पूरी तरह से या किसी विशेष पद के लिए भर्ती प्रक्रिया को किसी भी स्तर पर बिना कोई कारण बताए रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है.**

xix. **साक्षात्कार के समय, उम्मीदवार को उसके विरुद्ध लंबित आपराधिक मामलों (यदि कोई हों) का विवरण देना आवश्यक होगा. महत्वपूर्ण तथ्यों को छिपाने पर किसी भी समय उम्मीदवारी रद्द/समाप्त कर दी जाएगी, भले ही उम्मीदवार का चयन हो गया हो, ऐसी परिस्थितियों में उसका चयन रद्द कर दिया जाएगा. बैंक अन्य बातों के साथ-साथ पुलिस रिकॉर्ड के सत्यापन सहित स्वतंत्र सत्यापन भी कर सकता है. बैंक ऐसे प्रकटनों और/या सत्यापन के आधार पर नियुक्ति/नियोजन से इनकार करने का अधिकार अपने पास सुरक्षित रखता है.**

**किसी जानकारी के लिए, कृपया बैंक की वेबसाइट (https://sbi.bank.in/web/careers/current-openings) पर उपलब्ध "CONTACT US/post your query" लिंक के माध्यम से हमसे संपर्क करें.**

| | | |
|---|---|---|
| **मुंबई** | **मुद्रण की त्रुटियाँ यदि हों, तो उसके लिए बैंक उत्तरदायी नहीं होगा.** | **महाप्रबंधक** |
| **08.10.2025** | **किसी विवाद की स्थिति में अंग्रेजी में जारी विज्ञापन मान्य होगा.** | **(आरपी एवं पीएम)** |

# आवेदन कैसे करें

https://sbi.bank.in/web/careers/current-openings पर लॉगिन करें

नीचे स्क्रॉल करें और संबंधित विज्ञापन पर क्लिक करें

**विज्ञापन सं. CRPD/SCO/2025-26/14 डाउनलोड करें**
(विस्तृत विज्ञापन ध्यानपूर्वक पढ़ें)

**ऑनलाइन आवेदन करें**
(अंतिम प्रस्तुतीकरण से पहले, कृपया अपना आवेदन अच्छी तरह पढ़ लें.
अंतिम प्रस्तुतीकरण के बाद उसमें सुधार की अनुमति नहीं दी जाएगी)

